# प्रेस नोट
## थाना सीपरी बाजार, जनपद झांसी

**दिनाँकः- 07.09.2026**

- **जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही,**
- **थाना सीपरी बाजार पुलिस द्वारा 07 घण्टे के अंदर अपहरण की घटना का सफल अनावरण,**
- **घटना कारित करने वाले 02 अपहरणकर्ता गिरफ्तार व अपहृत युवक सकुशल बरामद**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री विकास कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनाँक 07.09.2026 को थाना सीपरी बाजार पुलिस व स्वाट/सर्वेलंस की संयुक्त टीम द्वारा थाना सीपरी बाजार क्षेत्रान्तर्गत घटित अपहरण की घटना का 07 घण्टे के अंदर सफल अनवारण करते हुए 02 अभियुक्तगण **1.विनय यादव पुत्र सरमन सिंह उम्र करीब 35 वर्ष, निवासी महेन्द्रपुरी कॉलोनी, ग्वालियर रोड, थाना सीपरी बाजार, झाँसी, 2.रवि यादव पुत्र रघुराज सिंह उम्र करीब 35 वर्ष, निवासी अयोध्यापुरी कॉलोनी, एफ ब्लॉक, थाना सीपरी बाजार, जनपद झाँसी**, को थाना परिसर से गिरफ्तार किया गया तथा अपहृत युवक विकास गुप्ता पुत्र श्री मन्नीलाल गुप्ता निवासी पंचवटी, शकुन सेठानी वाली गली, थाना कोतवाली, जनपद झाँसी को सकुशल बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना सीपरी बाजार पर मु0अ0सं0 416/26 धारा 140(3),115(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनाँक 06.09.2026 को समय 22.42 बजे यूपी -112 से सूचना प्राप्त हुई कि अभियुक्तगण द्वारा चार पहिया वाहन से एक व्यक्ति को जबरदस्ती अगवा कर के ले गये है। इस सूचना पर श्री जय प्रकाश चौबे प्र0नि0 थाना सीपरी बाजार द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उ0नि0 श्री दिलीप कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में टीम गठित कर अपहृत की सकुशल बरामदगी हेतु रवाना किया गया। जिनके द्वारा अभियुक्तगण 1.विनय यादव पुत्र सरमन सिंह नि0 महेन्द्रपुरी कालोनी ग्वालियर रोड़ थाना सीपरी बाजार झाँसी उम्र करीब 35 वर्ष 2. रवि यादव पुत्र रघुराज सिंह नि0 अयोध्यापुरी कालोनी F ब्लाक थाना सीपरी बाजार जिला झाँसी को मय घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन UP 32 LU 3798 के साथ गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से अपहृत विकास कुमार गुप्ता पुत्र श्री मन्नीलाल गुप्ता निवासी पंचवटी शकुन सेठानी वाली गली थाना कोतवाली झाँसी उम्र करीब 39 वर्ष की सकुशल बरामदगी की गयी तथा अपहृत का मेडिकल परीक्षण कराते हुए नियमानुसार अपहृत को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया तथा वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 416/2026 धारा 140(3)/115(2)

बी0एन0एस0 का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तगण के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**नाम पता अभियुक्तगण–**

1.विनय यादव पुत्र सरमन सिंह उम्र करीब 35 वर्ष, निवासी महेन्द्रपुरी कॉलोनी, ग्वालियर रोड, थाना सीपरी बाजार, झाँसी,

2.रवि यादव पुत्र रघुराज सिंह उम्र करीब 35 वर्ष, निवासी अयोध्यापुरी कॉलोनी, एफ ब्लॉक, थाना सीपरी बाजार, जनपद झाँसी

**बरामदगी का विवरण-**

कार नं0 UP 32 LU 3798 हुण्डई वेन्यू सफेद रंग

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

- प्रभारी निरीक्षक थाना सीपरी बाजार मय पुलिस टीम,
- स्वाट/सर्वेलंस टीम झाँसी